# बिहार विधान परिषद

## 212 बजट सत्र

# अल्पसूचित प्रश्न

## 27 फरवरी, 2026

----

[शिक्षा - उच्च शिक्षा - विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला एवं संस्कृति - खेल ].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या -25

----

### अंतर जिला स्थानांतरण

282 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना)**:

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों (कक्षा-1 से 8 तक) में पुराने वेतनमान वाले स्नातक ग्रेड एवं प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त/पदस्थापित शिक्षकों का अन्तर जिला स्थानांतरण का प्रावधान मैट्रिक-इंटर ग्रेड के शिक्षकों की भांति नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुराने वेतनमान

वाले स्नातक ग्रेड एवं प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त पदस्थापित शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण का प्रावधान सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## एमडीएम प्रभारी नियुक्त

**283 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड के कई विद्यालयों में बिना एमडीएम प्रभारी के ही विद्यालय में भोजन बन रहा है जिससे मध्याह्न भोजन पायलट प्रोजेक्ट अव्यवस्था का शिकार हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि रजौली प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय अमबा, मध्य विद्यालय बलिया सहित कई अन्य विद्यालय में एमडीएम प्रभारी नियुक्त नहीं रहने से चार माह से वेंडर को भुगतान नही होने के कारण अब उसने किराना सामग्री देना बंद करने का भी निर्णय ले लिया है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रजौली प्रखंड के जो विद्यालय में एमडीएम प्रभारी नही है वहां एमडीएम प्रभारी नियुक्त कराना चाहती है ताकि मध्याह्न भोजन पायलट प्रोजेक्ट सही ढंग से चल सके, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

**284 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के ग्राम + पो०- मौरा झरकाहा, वार्ड न०-18 के नव प्राथमिक विद्यालय, टुनिलाल यादव टोला, खुले आसमान में संचालित है। बच्चों के पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि अंचल अधिकारी कार्यालय के पत्रांक - 435, दिनांक 15-05-2024 के द्वारा विद्यालय हेतु जमीन उपलब्ध करा दिया गया है, इसके बावजूद विभाग द्वारा भवन निर्माण की कारवाई शुरू नहीं हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अंतर राशि का भुगतान

285 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 1204, दिनांक 01.08.2023 द्वारा राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय के कर्मियों को देय पंचम एवं षष्टम वेतन पुनरीक्षण की प्रभावी तिथि यथा क्रमश: 01.03.1989 एवं 01.04.2007 करने की स्वीकृति तदनुसार नियमानुसार अंतर राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्वितीय अनुपूरक आगणन से अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसा के लिए 571 करोड एवं संस्कृत विद्यालय के लिए 411 करोड रूपये का उपबंध प्राप्त होने के बावजूद अभी तक लाभुकों को भुगतान नही किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय के कर्मियों को देय पंचम एवं षष्टम वेतन पुनरीक्षण की प्रभावी तिथि यथा क्रमश: 01.03.1989 एवं 01.04.2007 करने की स्वीकृति के साथ-साथ अंतर राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक , नहीं तो क्यों?

----

## वर्ग कक्ष का निर्माण

**286 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, नारेपुर, बछवाड़ा में कक्षा 9 से 12 में कुल नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या 1800 है एवं कुल 14 सेक्शन में वर्ग संचालित होता है, जबकि वर्ग कक्ष की संख्या मात्र 5 है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय के पास भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पर्याप्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विरमन तिथि से वित्तीय लाभ

**287 श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत जिन शिक्षकों को सत्र 2013-15 में D.El.Ed.(ODL) प्रशिक्षण दिलाया गया था, उन्हें उनके विरमन तिथि से ही प्रशिक्षित मानते हुए वित्तीय लाभ प्रदान करने हेतु माननीय उच्च न्यायालय पटना ने आदेश दिया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मामलों (CWJC No-16165/2019 तथा CWJC No-7938/2020) में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित फैसलों के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा दायर की गई अपील LPA No-456/2021 तथा SLP (Civil) Diary No-66035/2025 भी क्रमशः माननीय उच्च न्यायालय द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सत्र-2013-15 में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को उनके विरमन तिथि से वित्तीय लाभ प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षण-प्रशिक्षण का मॉनिटरिंग

288 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में निवासित व्यक्तियों, उनके बच्चे-बच्चियों को कुशल जीवन-यापन के लिए, जनतांत्रिक नागरिक बनाने के लिए, विवेक के विस्तार के लिए प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, जन शिक्षा, विश्वविद्यालय स्तरीय शिक्षा प्रदान के नाम पर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, कानून की समावेशी सरकार राज्य में निजी विद्यालय भवनों की तुलना में सरकारी विद्यालय - भवन बदतर बनाया जा रहा है और माननीय पदधारकों, पदाधिकारियों, सभी कर्मचारियों एवं सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों के संतानों का नामांकण सभी स्तर के सरकारी शिक्षण - प्रशिक्षण संस्थानों में ही अनिवार्य नहीं कराया जा रहा है, बल्कि दूसरे राज्यों एवं विदेशों में नामांकण कराने का मार्ग मानवाधिकार के आधार पर प्रशस्त कर रही है और भारत का संविधान के विरूद्ध शिक्षा का बाजारीकरण कर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान कानून की समावेशी सरकार में शिक्षा के नाम पर अरबों-खरबों का बजट पारित होने के बावजूद पटना जिला के पटना शहर के सिपारा दशरक्षा, पटना नगर निगम के वार्ड नं0-30 में भारत देश के महान स्वतंत्रता क्रांतिकारी शहीद रामगोविन्द सिंह कन्या मध्य विद्यालय में वर्गानुसार कक्ष, विषयानुसार शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षा हेतु कम्प्यूटर सेट उपकरण, पुस्तकालय भवन नहीं है एवं इसका भवन जर्जरावस्था में है, इसके प्रांगण में हमेशा पानी जमा रहता है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार के सभी स्तर के शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों में ही माननीय पदधारकों, पदाधिकारियों, सभी सरकारी कर्मचारियों, सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों के संतानों का नामांकण अनिवार्य करने हेतु शिक्षा - प्रबंधन का

मॉनटरिंग की व्यवस्था आजतक महसूस नहीं की गई है, चूँकि सरकार के पदधारकगण और पदाधिकारीगण जाति और धार्मिक भाव से कार्य करने में तल्लीन हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि सरकार खंड - 'क' पर अंकित स्थिति किस परिस्थिति में पैदा कर रही है और उसे कबतक रोक लेगी एवं खंड - 'ख' पर अंकित मध्य विद्यालय की सभी समस्याएँ बरकरार किस परिस्थिति में रख रही है, तथा उसे कबतक पूरा कर लेगी और शिक्षण-प्रशिक्षण का मॉनेटरिंग कब से शुरू करेगी ?

----

## अवकाश तालिका लागू करना

289 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि आवासीय विद्यालय में आवासित छात्रों एवं शिक्षकों के लिए विभाग द्वारा जारी अवकाश तालिका में एक-एक दिन की छुट्टी अंकित की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी एक-दिवसीय अवकाश के दिन छात्रावास बंद रहेगा और आवासित छात्रों एवं शिक्षकों को घर जाने की स्वतंत्रता होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालयों में भी नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अवकाश तालिका लागू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालय का भवन निर्माण

290 **श्री लाल मोहन गुप्ता (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमजापुर का अपना भवन नहीं होने के कारण विद्यालय का संचालन मध्य विद्यालय

हेमजापुर में किया जा रह है, मध्य विद्यालय में वर्ग कक्ष की कमी के कारण विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमजापुर का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्तियों का विस्तृत विवरण

291 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा राज्य में विगत कुछ वर्षों के दौरान शिक्षक बहाली के अंतर्गत तीन चरणों—TRE-1, TRE-2 एवं TRE-3—के माध्यम से बड़ी संख्या में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिससे सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नियुक्तियों में महिलाओं को निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत विशेष आरक्षण तथा स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी को क्षैतिज आरक्षण का लाभ प्रदान किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों चरणों (TRE-1, TRE-2 एवं TRE-3) के अंतर्गत की गई कुल नियुक्तियों की संख्या से सदन को अवगत कराना चाहती है, साथ ही, महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक संख्या तथा वर्गवार—सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य—नियुक्तियों का विस्तृत विवरण क्या है, यदि हां तो उसका विवरण क्या है?

----

## मैदान का जिर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

***292 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत बगहा अनुमंडल के बबुई टोला खेल मैदान एवं बिमल बाबू खेल मैदान का जीर्णोंद्धार एवं सौंदर्यीकरण की निविदा प्रक्रियाधीन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मैदान का जीर्णोंद्धार से आस-पास के खिलाड़ी अपना अभ्यास में उत्कृष्टता ला पाएंगे और राज्य के लिए मेडल भी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान का जीर्णोंद्धार एवं सौंदर्यीकरण की निविदा करा कर कार्य आरंभ कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्काउट और गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन

**293 श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विभागीय निदेशानुसार छात्रों के बौद्धिक, मानसिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु भारत स्काउट और गाइड के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय निदेशानुसार खंड 'क' में वर्णित उक्त कोटि के सभी विद्यालयों में स्काउट और गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रूप से संचालित किया जाना है परंतु अधिकांश विद्यालयों में इसका संचालन नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रहित में राज्य के सभी मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन नियमित व सुचारू रूप से कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्नातक प्रोन्नति का लाभ

*294 **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला के अंदर विभिन्न विद्यालयों में वर्ष 2012 से पदस्थापित 34,540 कोटि के नियमित शिक्षकों को आजतक स्नातक प्रनोन्नति का लाभ नहीं दिया गया है, जबकि प्रावधानानुसार 8 वर्षों की सेवा अवधि के उपरांत ही उन्हें स्नातक प्रोन्नति का लाभ वर्ष 2020 में ही मिल जाना चाहिए था;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड ''क'' में वर्णित शिक्षकों को स्नातक प्रोन्नति का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ठोस कदम

295 **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के स्कूलों में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये क्या कदम उठा रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फलाफल से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दूर शिक्षा निदेशालय के कर्मचारियों को सुविधा

296 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना विश्वविद्यालय संस्थान के कर्मचारियों का वेतन अद्यतन मंगाई भत्ता एवं ए०सी०पी० और एम०ए०सी०पी० का लाभ देते हुए वेतन निर्धारित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना विश्वविद्यालय में कार्यरत दूर शिक्षा निदेशालय (पूर्ववर्ती पत्राचार पाठ संस्थान) के कर्मचारियों को उक्त सभी लाभों से वंचित रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दूर शिक्षा निदेशालय (पूर्ववर्ती पत्राचार पाठ संस्थान) के कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों की तरह सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## साइकिल एवं पोशाक योजना का लाभ

*297 **श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **उच्च शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के संबद्धता प्राप्त गैर अनुदानित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बालक/ बालिका साइकिल योजना एवं पोशाक योजना का लाभ 2012 से अब तक नहीं मिल पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि लाभ प्राप्त नहीं होने से बच्चों को काफी परेशानी हो रही है साथ ही बच्चों के माता-पिता पर आर्थिक भार भी पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य के संबद्धता प्राप्त गैर अनुदानित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयो में छात्र-

छात्राओं को मुख्यमंत्री बालक/बालिका साइकिल योजना एवं पोशाक योजना का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

**अतिथि व्याख्याताओं का सेवा समायोजन**

**298 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य के विभिन्न इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में विगत कई वर्षों से अतिथि व्याख्याता एवं सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं, जिन्हें समय-समय पर कार्यमुक्त कर पुनः विज्ञापन के माध्यम से नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा इन कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं एवं सहायक प्राध्यापकों के लिए कोई स्पष्ट सेवा- समायोजन नीति अथवा सेवा सुरक्षा संबंधी नियमावली निर्धारित नहीं की गई है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार ऐसे कार्यमुक्त/कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं के सेवा समायोजन/सेवा सुरक्षा हेतु कोई ठोस नीति बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

**जूनियर स्तर के खिलाड़ियों को नौकरी**

***299 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **खेल** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने बिहार के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 में संशोधन कर मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना से जूनियर आयु वर्ग में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि अंतरराष्ट्रीय और सीनियर स्तर की नेशनल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को ही इस योजना का लाभ मिलेगा;

(ग) क्या यह सही है कि जब सरकार के फैसले के कारण जूनियर स्तर के खिलाड़ियों का पलायन ही हो जाएगा तो सीनियर स्तर की प्रतियोगिता में भाग कौन लेगा, तथा इससे सरकार की यह योजना का लाभ कभी भी खिलाड़ियों को नहीं मिल पाएगा;

(घ) क्या यह सही है कि जूनियर आयु वर्ग में उत्कृष्ट खिलाड़ी की नियुक्ति नियमावली के तहत नियुक्ति नहीं करने पर बड़े पैमाने पर राज्य के खिलाड़ी राज्य से पलायन कर रहे हैं;

(ड.) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के जूनियर स्तर के खिलाड़ियों को भी नौकरी देकर पलायन रोकना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षकों की संख्या में बढ़ोतरी

300 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के कौवाकोल प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय, टीकोडीह में छात्र-छत्राओं की संख्या 323 है और शिक्षकों की संख्या मात्र चार है;

(ख) क्या यह सही है कि उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय ,टीकोडीह में शिक्षकों की कमी रहने के कारण विद्यार्थियों का पठन-पाठन का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कौवाकोल प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय टीकोडीह के छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था करने का विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों?

----

## महाविद्यालय परिसर की चाहरदिवारी

301 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव के ज्ञापांक 5540150, दिनांक 16.01.2025 के द्वारा जिला पदाधिकारी, वैशाली को वैशाली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय परिसर की चाहरदिवारी कराने एवं अवैध अतिक्रमण को खाली कराने के संबंध में निदेश दिया गया है;

(ख)) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वैशाली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय परिसर की चाहरदिवारी कराने एवं अवैध अतिक्रमण को खाली कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिफ्ट में विद्यालय संचालन

302 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी जिला सहित पूरे राज्य में उच्च माध्यमिक विद्यालय विहीन पंचायतों में +2 स्कूल खोला गया है एवं अधिकांश पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय को उत्क्रमित उच्च विद्यालय का दर्जा दिया जा चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि मध्य विद्यालय से उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित सैकड़ों विद्यालय जहां वर्ग 1 से 12 तक मात्र 5 से 8 कक्ष में संचालित किया जा रहा है, वहां भवन का निर्माण जमीन के आभाव के कारण या अन्य कारणों से अब तक नहीं कराया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस तरह के एक ही परिसर में संचालित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय को वर्ग

कक्ष के लिए भवन निर्माण होने तक अलग-अलग शिफ्ट में विद्यालय संचालित करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाया वेतन भुगतान

303 **श्री वंशीधर ब्रजवासी (स्नातक तिरहुत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सक्षमता परीक्षा देकर नियोजित से विशिष्ट शिक्षक पद पर योगदान करने वाले एवं BPSC से चयनित होकर प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक बनने वाले शिक्षकों के नए पद पर योगदान के पश्चात नये पदस्थापन वाले जिले में HRMS के माध्यम से भुगतान शुरू किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शिक्षकों को पूर्व के कार्य स्थल वाले जिलों द्वारा HRMS से Out कर दिया गया है और नए जिले में In किया गया है जिस कारण पूर्व पदस्थापन वाले जिले की कार्यावधि का बकाया वेतन/अंतर-वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि शिक्षकों के नए पद पर योगदान के पूर्व वाले जिलों में कार्यरत अवधि के बकाया वेतन/अंतर-वेतन के भुगतान हेतु कौन सी व्यवस्था बनाई जा रही है, नहीं तो क्यों?

----

## ग्रांट की राशि की उपलब्धता

304 **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर, आरा जिला में नया यू डायस प्राप्त 77 नव उत्क्रमित माध्यामिक विद्यालयों में ZBSA खाते को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, भोजपुर के द्वारा KYC UPDATE करने के बाद भी उन विद्यालयों में कम्पोजिट ग्रांट, टूयून्निंग ऑफ़ स्कूल, ईको क्लब, साइंस एक्जीबिसन

क्लब आदि का ग्रांट नहीं भेजा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित संबंधित 77 विद्यालयों में सभी ग्रांट की राशि नहीं भेजे जाने से उन विद्यालयों के बच्चे उक्त सभी योजनाओं से वंचित रह जाऐंगे;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में उन सभी 77 विद्यालयों का पंजीकरण PFMS PORTAL पर कराते हुए उक्त विद्यालयों में सभी ग्रांट की राशि अविलंब भेजना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव

305 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण (राजस्व जिला) एवं बगहा (पुलिस जिला) मिलकर क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार का सबसे बड़ा जिला है;

(ख) क्या यह सही है कि एक केंद्रीय विद्यालय (भारत सरकार) जो बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) में संचालित हाेने के कारण बगहा के विद्यार्थियों को बेतिया जाकर अध्ययन करने में असमर्थ हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बगहा पुलिस जिला में एक केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुन: मुल्यांकन

306 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि STET 2025 के Paper 02 के सभी विषयों सहित भौतिकी

विषय का परीक्षाफल 05.01.2026 को प्रकाशित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि परीक्षाफल प्रकाशित करने से पूर्व अभ्यार्थियों के लिए उत्तर कुंजी जारी किया गया था, जिससे मिलान करने के उपरांत अभ्यार्थी रवि चन्द्रे कुमार अनुक्रमांक सं॰ 25122003283 को लगभग 67 अंक तथा प्रियंका कुमारी अनुक्रमांक सं॰ 2512003946 को लगभग 68 अंक प्राप्त होने थे परंतु BSEB के द्वारा उन्हें 62.5114 एवं 52.3099 अंक देकर अनुत्तीर्ण कर दिया गया है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अभ्यार्थियों को प्राप्त अंकों का पुन: मुल्यांंकन / स्क्रुटनी कराते हुए मुल्यांकन प्रक्रिया की जांच कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

पटना – 800015.

27 फ़रवरी, 2026.

अखिलेश कुमार झा,
सचिव
बिहार विधान परिषद्